केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

राजभाषा अनुभाग

सं.20-5/13/18-राभा. दिनांक 22.06.2018

परिपत्र

विषय:- हिंदी कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक **28 जून, 2018** को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा । यह कार्यशाला अपराह्न 2.30 से 05.00 बजे तक आयोजित की जाएगी । प्रशासनिक, अनुसंधान एवं विकास प्रभागों तथा सहायक अनुभागों में तैनात नए भर्ती हुए कार्मिकों के साथ-साथ अन्य नामित कार्मिकों के लिए यह कार्यशाला रखी जा रही है जिसकी रूपरेखा निम्नलिखित है -

दिनांक व समय	विषय
दिनांक 28.06.2018	
अप. 02.30 से 03.40 बजे तक	राजभाषा नीति तथा हमारा दायित्व
03.40 से 03.45 बजे तक	चायपान
03.45 से 05.00 बजे तक	टिप्पणी लेखन व पत्राचार

संस्थान के सभी अनुभागों एवं प्रभागों के प्रमुखों से स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि एवं एक अन्य उच्च अधिकारी अर्थात् कम से कम दो कार्मिकों को नामित करने का अनुरोध है । प्रशासनिक अनुभागों में तैनात नए भर्ती हुए कार्मिकों तथा सभी नामित कार्मिकों के लिए कार्यशाला में उपस्थिति अनिवार्य होगी । कार्यशाला का आयोजन **कौशल विकास प्रशिक्षण कक्ष,** प्रथम तल, प्रशासन खंड में किया जाएगा ।

सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से अनुरोध है कि हिंदी कार्यशाला के लिए नामित अधिकारियों के संबंध में राजभाषा अनुभाग को दिनांक 25.06.2018 तक अविलंब सूचना भिजवाने की कृपा करें ।

यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

22.06.18

(सजय चौधरी)
हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि

1. निदेशक महोदय का कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय
3. सभी संबंधित अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख : दिनांक 25.06.2018 तक आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
4. प्रमुख आइएलटी : सूचनार्थ, मल्टीमीडिया व फोटो लेने की व्यवस्था हेतु ।
5. प्रमुख, सीसीएन : संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु ।
6. प्रमुख अनुरक्षण : सूचनार्थ, एसी चलाने एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था हेतु ।
7. कार्यालय प्रति
8. सूचना पट्ट

hindi kar 2017OM